कर्य-पत्रिका - पाँच

संज्ञा

नाम ________ कक्षा ________ दिनांक ________

1. **प्रश्नों के उत्तर लिखो-**

(क) संज्ञा की परिभाषा उदाहरण सहित लिखो।

____

(ख) संज्ञा के कितने भेद होते हैं? बताओ।

____

(ग) भाववाचक संज्ञा से क्या अभिप्राय है?

____

(घ) व्यक्तिवाचक व जातिवाचक संज्ञा में अंतर स्पष्ट करो।

____

2. **सही उत्तर पर सही (✓) का निशान लगाओ-**

(क) कौन-सा शब्द व्यक्तिवाचक संज्ञा है?

नदी ☐ कक्षा ☐ चंद्रशेखर ☐ खुशी ☐

(ख) भाव व दशा बताने वाले संज्ञा शब्द कहलाते हैं-

जातिवाचक ☐ भाववाचक ☐ व्यक्तिवाचक ☐ कोई नहीं ☐

(ग) कौन-सा शब्द जातिवाचक संज्ञा है?

पक्षी ☐ अध्यापक ☐ स्त्री ☐ सभी ☐

3. **नाम लिखो-**

खिलाड़ियों के	पुस्तक के	पर्वत के
________	________	________
________	________	________
________	________	________
________	________	________
________	________	________

4. **दिए गए शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाकर रिक्त स्थान भरो-**

(क) घड़े की ______ (बनाना) सही नहीं थी।

(ख) इस कमरे की ______ (सजाना) किसने की?

(ग) कुतुबमीनार की ______ (ऊँचा) देखने योग्य है।

(घ) इस आम में ______ (मीठा) नहीं है।

(ङ) ______ (थकान) के कारण जल्दी सो गया।

5. **संज्ञा शब्द रेखांकित करो और उसके भेद लिखो-**

(क) तालाब में कमल खिल रहा है। ______

(ख) बच्चे पढ़ रहे हैं। ______

(ग) युवक ने शेखर की ओर देखा। ______

(घ) मैं कल चारमीनार देखने गया था। ______

(ङ) बुढ़ापा बीमारियों का घर है। ______

6. **भाववाचक संज्ञा बनाओ-**

(क) लंबा ______

(ख) बड़ा ______

(ग) निज ______

(घ) धीमा ______

(ङ) काला ______

(च) चतुर ______

(छ) प्रभु ______

(ज) पराया ______

(झ) बूढ़ा ______

(ञ) सफेद ______

(ट) मधुर ______

(ठ) निर्भीक ______

7. **उचित संज्ञा शब्दों का प्रयोग करके वाक्य पूरे करो-**

(क) ______ सबसे पवित्र नदी है।

(ख) हाथियों का ______ नदी से पानी पी रहा था।

(ग) हमारी कक्षा में तीस ______ हैं।

(घ) दही में ______ होती है।

(ङ) गांधी जी ______ के पुजारी थे।